मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-210
19/04/2021

मुख्यमंत्री ने आर0पी0एस0 मोड़ दानापुर के पास लगी भीषण आग में 2 लोगों की हुयी मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया

पटना, 19 अप्रैल 2021 :– आर0पी0एस0 मोड़ दानापुर के पास आर0के0 पुरम में एक बिल्डिंग में आग लगने की घटना प्रतिवेदित हुयी है। इस घटना में पंडारक निवासी श्री बबन शर्मा की पुत्री एवं नाती की मौत पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि श्री बबन शर्मा हमारे साथ 1989 से जुड़े रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों कें प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुये कहा है कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूॅं।

******